# Practice paper (2023-24)

**CLASS : 12th (Sr.Secondary)** **Code No.523** **SET : A**

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | |

**हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective)** **ACADEMIC / OPEN**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 तथा 11 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोडनं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

<u>सामान्य निर्देश:</u>

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश दिए गए हैं।
(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।
(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न-1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

'किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर उसकी आत्मा है।' यह उक्ति भारत जैसे प्राचीन राष्ट्र के संदर्भ में और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है। संस्कृति राष्ट्र के जीवन मूल्यों, आदर्शों, दर्शन आदि को मानसिक धरातल पर अभिव्यक्त करने का महत्त्वपूर्ण साधन है। भारत में इसके पीछे हजारों वर्षों के आचरण, व्यवहार, अनुभव, चिंतन, मनन आदि की पूंजी लगी हुई है। कालचक्र के सैकड़ों सुखद एवं दुखद घटनाक्रमों के दौरान कसौटी पर खरे उतर कर उन्होंने अपनी सत्यता व विश्वसनीयता अनेक बार सिद्ध की है। त्याग, संयम, परहित एवं अहिंसा या जीवों पर दया आदि भारतीय संस्कृति के सर्वोच्च मूल्यों में से हैं। संस्कृति और सभ्यता दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। अपने आयु, पद और अनुभव में बड़ों के प्रति आदर भाव, श्रद्धा व सम्मान रखना ही संस्कृति की आत्मा है, उसकी पहचान

Downloaded from cclchapter.com

है। संस्कृति और उसके आदर्श एवं मूल्य एक दिन में निर्मित नहीं होते, वें हजारों वर्षों की अनुभूतियों तथा सिद्धांतों के परिणाम होते हैं। इन आदर्शों व मूल्यों के आधार पर ही भारतीय संस्कृति का सर्वोच्च मूल्य त्याग है, यह मूल्य हमें पाश्चात्य संस्कृति तथा साम्यवादी संस्कृति की भोगवादी वृत्ति से दूर रखता है। इनकी इस भोगवादी संस्कृति ने आज संपूर्ण मानव जाति को विनाश के कगार पर पहुँचा दिया है और इसी प्रवृत्ति ने मनुष्य और प्रकृति के बीच एक खाई पैदा कर दी है भारतीय संस्कृति सर्व समावेशक है, जीवमात्र में ईश्वरीय सत्ता की अनुभूति करने वाली है। भारतीय संस्कृति अपनेसुखों के लिए दूसरों को नष्ट करने की बर्बरता नहीं रखती। भारतीय संस्कृति में विश्वास करने वाले लोग, राजा से भी अधिक उस संन्यासी को समादृत करते हैं, जो विश्व कल्याण के लिए संयम नियम का पालन करते हुए अपना सर्वस्वार्पण करते हैं।

(क) ‘भारत में आचरण, व्यवहार, अनुभव, चिंतन और मनन आदि की पूंजी लगी हुई है पंक्ति से आशय है?

(i) जीवन मूल्यों का महत्त्व
(ii) ईश्वरीय सत्ता का योगदान
(iii) राष्ट्रीय संस्कृति की चेतना
(iv) त्याग का उदात्त रूप

(ख) पाचात्य संस्कृति तथा साम्यवादी संस्कृति की भोगवादी वृति से बचाव होता है-

(i) संयम मे
(ii) अहिंसा से
(iii) मूल्यों से
(iv) चिंतन से

(ग) संस्कृति और सभ्यता एक दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि.......

(i) सभ्यता के भीतर ही संस्कृति का विकास
(ii) सांस्कृतिक निर्धारक तत्व ही सभ्यता को परिभाषित करते हैं
(iii) सभ्यता व संस्कृति का प्रभाव एक-दूसरे पर पड़ता है।
(iv) सभ्यता उन्नति है और संस्कृति उदात्तता

(घ) भारतीय संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति से किन अर्थों में भिन्न है-

(i) भोगवाद से मुक्त होने के कारण
(ii) भोगवाद से युक्त होने के कारण
(iii) उदारता के कारण
(iv) स्वार्थ भावना के कारण

Downloaded from cclchapter.com

ड़) 'समादृत' शब्द का समानार्थी हो सकता है-

(i) समवयस्क

(ii)सम्मानित

(iii) सुसंस्कृत

(iv) समावेशक मनुष्य

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

आ रही रवि की सवारी नव- किरण का रथ सजा है,
कलि-कुसुम से पथ सजा है, बादलों से अनुचरों ने स्वर्ण की पोशाक धारी।

आ रही रवि की सवारी। विहग बंदी और चारण, भा रहे हैं कीर्ति गायन.
छोड़कर मैदान भागी तारकों की फौज सारी।

आ रही रवि की सवारी। रात का राजा खड़ा है, राह में बनकर भिखारी
चाहता, उछलूँ विजय कह पर ठिठकता देखकर यह
आ रही रवि की सवारी ।

i.कलि कुसुम से पथ सजा है पंक्ति में निहित अलंकार का नाम बताइए

(क)उपमा
(ख)रूपक
(ग) मानवीकरण
(घ) उत्प्रेक्षा

ii. सूर्योदय का दृश्य कैसा नहीं लगता है।

(क) सूर्योदय के समय हलचल हो जाती है
(ख) आकाश में दिखने वाले नक्षत्र धीरे-धीरे अदृश्य हो जाते हैं।
(ग) पक्षियों का कलरव सुनायी देता है जो सूर्य की वंदना के समान लगता है
(घ) ऐसा लगता है मानो सूर्य को आता देखकर तारों की फौज भाग खड़ी होती है।

iii. पर ठिठकता देखकर यह पंक्ति से कविता का क्या आशय है?

(क)कवि सूर्य को आता देखकर ठिठक जाता है।

(ख)कवि सूर्य को आता देखकर प्रसन्न हो जाता है।

(ग) कवि को सूर्योदय का दृश्य बहुत अच्छा लगता है।
(घ) सूर्य के सामने चंद्रमा को निस्तेज देखकर वह ठिठक जाता है।

iv. अनुपयुक्त कथन छांटिए
(क) सूर्य का रथ नई किरणों का है
(ख) बादल सूर्य के सेवक हैं
(ग) चंद्रमा रात का राजा है

Downloaded from cclchapter.com

(घ) पक्षीगण सूर्य की फौज हैं

v. अनुपयुक्त समानार्थी कौन है

(क) कुसुम

(ख) प्रसून

(ग) पादप

(घ)सुमन

## खंड -ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x10=10**

1) "न आगे नाथ, न पीछे पगहा। " पंक्ति का क्या अर्थ है?

(क)जो आज़ाद न हो।

(ख) जो समस्याओं से घिरा हो।

(ग)जो हमेशा खुश रहता हो ।

(घ)जिसके आगे पीछे कोई नियंत्रण न हो।

2) मन के विकल्प क्या है?

(क) उपकार और अपकार

(ख) कृतज्ञता

(ग) दुख और सुख

(घ) कोई भी नहीं

3) अमझर का क्या अर्थ है ?

क) आमो का झरना

ख) नदी का नाम

ग) सत्याग्रह का नाम

घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4)** लेखक किस संघ का कार्यकारी महामंत्री था?

(क)अफ्रो एशियाई

(ख) एशिया यूरोपीय

(ग)अफ्रो एंटार्कटिका

(घ)यूरोप

5) बड़ी बहुरिया ने हरगोबिन को आँख के इशारे से थोड़ी देर चुप बैठने के लिए क्यों कहा होगा?

(क)महत्वपूर्ण बात होने के कारण

(ख) हिम्मत जुटाने के लिए

(ग)संवाद की गंभीरता के कारण

(घ)किसी अन्य के होने के कारण

**6)** बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन क्या सूचित कर रहा था?

क)बालक का व्यक्तिगत स्वाभाव

ख)बालक की खुशी

Downloaded from cclchapter.com

ग)बालक की इच्छाओं की धाराएँ

घ)बालक की आत्म-संयम

7) बालक ने सीखा सिखाया कौन सा उत्तर दिया?

क)मैं यावज्जन्म लोकसेवा करूँगा।

ख)मैं यावज्जन्म पढाई करूंगा।

ग)मैं यावज्जन्म शिक्षण कार्य करूँगा।

घ)उपरोक्त सभी

8) लेखक रामचंद्र शुक्ल को किस आयु में लेखकों की मंडली मिल गई थी?

(क) सोलह वर्ष की आयु में

(ख) बीस वर्ष की आयु में

(ग) दस वर्ष की आयु में

(घ) पच्चीस वर्ष की आयु में

9) बालक के हृदय में कृत्रिम तथा स्वाभाविक भावों के बीच किस बात की लड़ाई चल रही थी?

क)वर्णन का

ख)अनुशासन का

ग)विलक्षणता की

घ)इच्छाओं की

**10.** सुमेरिनी के मनके के पाठ के लेखक कौन हैं?

क) पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी

ख) नागार्जुन

ग ) सुमित्रानंदन पंत

घ) रामचंद्र शुक्ल

**प्रश्न-4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

**1x5= 5**

किंतु कोई भी प्रदेश आज के लोलुप युग में अपने अलगाओ में सुर्धित नहीं रह सकता। कभी कभी किसी इलाके की संपदा ही उसका अभिशाप बन जाती है। विल्ली के सत्ताधारियों और उद्योगपतियों की आँखों से सिंगरौली की अपार खनिज संपवा छिपी नही रही। विस्थापन की एक लहर रिहंद बाँध बनने से आई थी, जिसके कारण हजारों गाँव उजाड़ दिए गए थे इन्हीं नई योजनाओं के अंतर्गत सेंट्रल कोल फ़ील्ड और नेशनल सुपर थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन का निर्माण हुआ। चारों तरफ़ पक्की सड़कें और पुल बनाए गए सिंगरौली, जो अब तक अपने सॉवर्य के कारण, बैकुठ' और अपने अकेलेपन के कारण 'काला पानी' माना जाता था, अब प्रगति के मानचित्र पर राष्ट्रीय गौरव के साथ प्रतिष्ठित हुआ। कोयले की खदानों और उन पर आधारित ताप विद्युत गृहों की एक पूरी श्रृंखला ने पूरे प्रदेश को अपने में घेर लिया। जहाँ बाहर का आदमी फटकता न था, वहाँ केंद्रीय और राज्य सरकारों के अफसरों, इंजीनियरों और विशेषइजों की कतार लग गई। जिस तरह जमीन पर पड़े शिकार को बेखकर आकाश में गिद्धों

Downloaded from cclchapter.com

और चीलों का झुड मँडराने लगता है, वैसे ही सिंगरौली की घाटी और जंगलों पर ठेकेदारों, वन अधिकारियों और सरकारी कारिंदों का आक्रमण शुरू हुआ।

1. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक हैं-
   (क)भीष्म साहनी
   (ख) निर्मल वर्मा
   (ग)ममता कालिया
   (घ)असगर वज़ाहत
2. दिल्ली के सत्ताधारियों और उद्योगपतियों की आँखों से क्या छिपी नहीं रही?
   (क) वन अधिकारियों की संपतिति
   (ख) बंजर जमीन
   (ग) चीलों की आबादी
   (घ) सिंगरौली की अपार खानिज संपदा
   (ङ) सिंगरौली की अपार खानिज संपदा
3 विस्थापन की एक लहर क्यों आई थी?
   (क) विद्युत गृहों के बनने से
   (ख) रिहंद बाँध बनने से
   (ग) जंगलों की कटाई से
   (घ) बाढ़ आने से

4 सिंगरौली की घाटी और जंगलों पर किनका आक्रमण शुरू हो गया?

(क)कौपोरेशन के लोगों का
(ख) किसानों का
(ग)ठेकेदारों, वन-अधिकारियों और सरकारी कारिंदों का
(घ)सभी विकल्प सही हैं

5.पाठ का नाम चुनिए

(घ)देवदास
(ङ) जहाँ कोई वापसी नहीं
(च)कुटज

(छ)कोई नहीं

Downloaded from cclchapter.com

**प्रश्न-5) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4**

(क अखबार वाली घटना से नेहरू जी के व्यक्तित्व की कौन सी विशेषता स्पष्ट होती है?

(ख) कुटज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है?

(ग) पाठ के आधार पर हर की पौड़ी पर होने वाली गंगा जीघी आरती का भाव पूर्ण वर्णन अपने शब्दों में

कीजिए।

**प्रश्न-6) निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1X10=10**

1. कार्नेलिया का गीत कविता में उड़ते खग निम्नलिखित में से किस विशेष अर्थ की व्यंजना करते हैं?
   (क)प्राकृतिक सौंदर्य को देख व्यक्तियों का आनंदित होना ।
   (ख) पंख फैलाकर उड़ते पक्षियों का समूह।
   (ग)देश के बाहर से आए हुए व्यक्तियों का समूह।
   (घ)देश के बाहर से आए हुए पक्षियों का समूह।
2. कवि के अनुसार बनारस में जब वसंत आता है तो क्या होता है?
   (क) धूल का बवंडर उठना है और लोगों के मुंह में धूल भर जाती है।
   (ख) बर्फबारी होती है और सभी लोग घरों में बंद हो जाते हैं
   (ग) फूलों की महक फैलती है और सब खुशी-खुशी बैठ जाते हैं
   (घ) बर्फ के गिरने से सड़कों पर बच्चे खेलते हैं
3. चारों ओर किसकी सुगंध आती है?
   (क) मलयानल की
   (ख) आरती की
   (ग) औषधि की
   (घ) जल की
4. "कुसुमति कानन हेरि कमलमुखि' में कौन-सा अलंकार है?
   (ज) अतिशयोक्ति अलंकार
   (झ) श्लेष अलंकार
   (ञ) अनुप्रास अलंकार
   (ट) यमक अलंकार

**5.** बारहमासा में रानी नागमती किसके वियोग में व्यथित है?
   (क) राजा रत्नसेन
   (ख) राजा बीसलदेव

Downloaded from cclchapter.com

(ग) राजा परमाल

(घ) राजा उदय सिंह

6. किस मास में रानी नागमती के वियोग का वर्णन किया गया है?

(क) चैत्र

(ख) ज्येष्ठ

(ग) फागुन

(घ) आश्विन

7. कौन किसके लिए राघव का संबोधन कर रहा है?

(क) कैकेयी भरत के लिए

(ख) कौशल्या राम के लिए

(ग) दशरथ भरत के लिए

(घ) सुमंत लक्ष्मण के लिए

8. कवि किसे तोड़ देने की बात करता है?

(क) पत्थर को

(ख) चट्टान को

(ग) झूठे बंधनों को

(घ) जीवन के अवरोधों को

9. झूठे बंधन किसे कहा गया है?

(क)परंपरा

(ख) रीति-रिवाज़

(ग)धर्म-जाति

(घ)खोखले रिश्ते

10. ज्योति की लपटों और धुएँ से गंगा जल में क्या बन जाते हैं?

(क) स्तंभ

(ख) फूल के गुच्छे

(ग) गोले

(घ) छप्पर

**प्रश्न-7 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 6x1=6**

लघु सुरधनु से पंख पसारे शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए- समझ नीड़ निज प्यारा ।

**अथवा**

यह दीप अकेला स्नेह भरा है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।
यह जन है- गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गाएगा ?
पनडुब्बी ये मोती सच्चे फिर कौन कृती लाएगा ?
यह समिधा ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा।
यह अद्‌वितीय यह मेरा यह मैं स्वयं विसर्जित

Downloaded from cclchapter.com

यह दीप, अकेला, स्नेह भरा है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी  को दे दो। -

**प्रश्न-8 )निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x2=4**

(क) “खाली कटोरो में बसंत का उतरना” से क्या आशय है?

(ख) गीत और मोती की सार्थकता किससे जुड़ी हुई है?

(ग) अगहन मास की विशेषता बताते हुए विरहिनी की व्यथा कथा का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए?

## खंड. ग

**प्रश्न-9 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए: 2×3=6**

(क) बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया?

(ख) ‘चूल्हा  ठंडा किया होता, तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता? नायक राम के इस कथन में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।

(ग) महीप अपने विषय में बात पूछे जाने पर उसे लाल क्यों देता था?

(घ) हमारे आज के इंजीनियर ऐसा क्यों समझते हैं कि वह पानी का प्रबंध जानते हैं और पहले जमाने के लोग कुछ नहीं जानते थे।

## खंड - घ

**प्रश्न-10 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) **1x4=4**

(i) लाइव से आपका क्या अभिप्राय है?

(ii) रेडियो समाचारों की भाषा कैसे होनी चाहिए?

(iii) एंकर बाइट की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए?

(iv) सर्वाधिक खर्चीला जनसंचार माध्यम कौन सा है।

**(ख)**

3X 2=6

(i) पत्रकारीय लेखन की परिभाषा लिखिए। यह कितने प्रकार का होते हैं? पत्रकार कितने  प्रकार के होते हैं?

(ii) जनसंचार माध्यम के प्रिंट व रेडियो माध्यम की खूबियां व खामियां लिखें।

(ग)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर एक लेख लिखिए। 5

(i) नेता नहीं नागरिक चाहिए।

(ii) मोबाइल फोन और विद्यार्थी

Downloaded from cclchapter.com

## खंड-ड.

**प्रश्न-11 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नोंके उत्तर दीजिए: 2x5=10**

(क)अष्टमार्ग की आठ आदर्श बातें बताइए?

(ख) अब्दुल हमीद ने शत्रु के कितने टैकों को नष्ट कर डाला?

(ग) ऋषि किसे कहते हैं?

(घ) वैदिक काल के अनुसार जगत की उत्पत्ति किन कारणों से मानी गई है?

(ङ.) अस्वच्छता से क्या हानियां हैं ?कोई चार हानियां बताइए।

Downloaded from cclchapter.com